## शेल्बी रोजर्स ने जीता इतिहास का सबसे लंबा मैच

: यूएस ओपन :



नई दिल्ली,(आरएनएस)। महिला वर्ग में अमेरिका की शेल्बी रोजर्स और ऑस्ट्रेलिया की दारिया गावरिलोवा के बीच यूएस ओपन के इतिहास का सबसे लंबा मैच खेला गया। तीन घंटे, 33 मिनट तक चले इस मुकाबले में रोजर्स ने 25वीं वरीय दारिया को 7-6, 4-6, 7-6 से पराजित किया। इसमें तीसरा सेट 90 मिनट तक चला। इससे पहले सबसे लंबे मैच का रिकॉर्ड ब्रिटेन की जोहाना कोंटा और स्पेन की गर्बाने मुगुरूजा के नाम था। 2015 में खेले गए इस मुकाबले में कोंटा ने मुगुरूजा को 7-6, 6-7, 6-2 से मात दी थी। अब रोजर्स की भिड़ंत एलिना स्वितोलिना से होगी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा ने निकोल गिब्स को 2-6, 6-3, 6-4 से, मेडिसन कीज ने तत्जाना मारिया को 6-3, 6-4 से, एलिना वेस्नीना ने क्रिस्टेन फ्लिपकेंस को 6-4, 6-4 से, एग्निएस्का रदवांस्का ने युलिया पुतिनत्सेवा को 7-5, 6-2 से, अमेरिका की कोको ने ओंस जबेउर को 7-6, 6-2 से और शुआई पेंग ने जापान की रीसा ओझाकी को 6-0, 6-3 से मात देकर अंतिम 32 में जगह बनाई।

## भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने जगाई पदक की उम्मीद

चेनाई ने बनाया 49 का स्कोर बनाया

नई दिल्ली,(आरएनएस)। किनान चेनाई की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष ट्रैप टीम ने मास्को में आइ एस एस एफ विश्व शॉटगन चैंपियनशिप के पहले दिन क्वालीफिकेशन राउंड में चौथे स्थान के साथ पदक की उम्मीद जगाई। चेनाई ने 49 का स्कोर बनाया। जोरावर संधू और बिरेनदीप सोढी ने भी 50 में से क्रमशः 47 और 46 अंक जुटाए जिससे भारत टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर है। टीम क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद क्रोएशिया और कुवैत से एक अंक पीछे है। महिला ट्रैप में राजेश्वरी कुमारी 45 अंक से 22वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय रहीं। श्रेयशी सिंह 42 अंक के साथ 41वें, जबकि सीमा तोमर 40 अंक के साथ 54वें स्थान पर रहीं। जूनियर महिला ट्रैप में सौम्या गुप्ता पहले दिन 45 अंक के साथ क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर चल रही हैं। मनीषा कीर 39 अंक से 22वें, जबकि एन निवेथा 39 अंक से 24वें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में जूनियर टीम चौथे, जबकि सीनियर टीम 11वें स्थान पर चल रही है।

## सेरेना विलियम्स बनीं मां, बेटी को दिया जन्म

वॉशिंगटन,(आरएनएस)। अमेरिका की टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने फ्लोरिडा के के अस्पताल में बेटी को जन्म दिया है। सेरेना को बीते बुधवार को फ्लोरिडा के सेंट मैरी मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था। 36 वर्षीय सेरेना ने शुक्रवार को एक बेटी को जन्म दिया। सेरेना की बड़ी बहन वीनस विलियम्स ने यूएस ओपन में तीसरे दौर का मैच जीतने के बाद सेरेना के पहले बच्चे के जन्म की पुष्टि की। वीनस ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं और मौसी बनने की खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती। अंग्रेजी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, सेरेना की बच्ची का जन्म सीजेरियन ऑपरेशन से हुआ है। जन्म के समय बच्ची का वजन 6 पाउंड और 13 आउंस बताया जा रहा है। ये सेरेना विलियम्स और उनके मंगेतर एलेक्सिस ओहानियन का पहला बच्चा है। 23 ग्रैंड स्लेम जीतने वाली सेरेना विलियम्स टेनिस के इतिहास में पहले ही अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। लेकिन साल 2017 की जनवरी में प्रेगनेंट होते हुए भी आस्ट्रेलिया ओपन में भाग



लेकर ग्रैंड स्लैम जीतकर उन्होंने अपने सभी फैंस को चौंका दिया था। 35 साल की सेरेना की मंगनी रेडिट के को-फाउंडर एलेक्सिस ओहानियन से हुई है। इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद से सेरेना कोर्ट से दूर हैं। मगर प्रेग्नेंसी के दौरान भी सेरेना ने सोशल मीडिया पर टेनिस खेलते हुए अपने वीडियो पोस्ट किए थे। टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने सेरेना को बधाई देते हुए लिखा, 'सेरेना तुम्हें बहुत बहुत बधाई हो। बहुत खुश रहो।'

## जीएसटी रिटर्न देर से फाइल करने वालों को सरकार ने दी पेनल्टी से छूट

नई दिल्ली,(आरएनएस)। जीएसटी काउंसिल की सिफारिशों को मानते हुए केंद्र सरकार ने डेडलाइन के अंदर जीएसटी रिटर्न न भर पाने पर लगने वाली पेनल्टी हटा ली है। जीएसटी रिटर्न भरने की अंतिम तिथि के बाद रोजाना 200 रुपये जुर्माने का प्रावधान था। हालांकि, करदाताओं को बचे पर ब्याज देना ही होगा। 1 जुलाई से जीएसटी लागू होने के बाद सरकार ने जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अगस्त रखी थी।

## तीरंदाजी विश्व कप में पहला स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेंगी दीपिका कुमारी




राम,(आरएनएस)। चार बार की रनर अप दीपिका कुमारी जब शनिवार से यहां शुरू हो रहे तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में उतरेंगी तो उनकी नजर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने पर होगी। विश्व कप के चार चरणों में से शीर्ष वरीय सात तीरंदाजों के अलावा मेजबान देश की एक तीरंदाज के बीच दो दिवसीय स्पर्धा में सत्र की सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज का फैसला होगा। शुरुआती दिन कंपाउंड वर्ग की स्पर्धाएं होंगी, जिसमें कोई भी भारतीय दौड़ में नहीं है, जबकि दीपिका का पहले दौर (क्वार्टर फाइनल) का मुकाबला रविवार को दोपहर दो बजकर 44 मिनट पर होगा। दीपिका को पहले ही दौर में कड़ी चुनौती के रूप में रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली या-टिंग टान का सामना करना होगा। चीनी ताइपे की इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 में टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था और व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रीक्वार्टर फाइनल में इस भारतीय तीरंदाज को बाहर का रास्ता दिखाया था। रांची की 23 वर्षीय दीपिका ने अपना अंतिम विश्व कप पदक रियो ओलंपिक से पहले अंताल्या विश्व कप 2016 में रजत के रूप में जीता था। छठी वरीय दीपिका इस टूर्नामेंट में टान, कोरिया की दो खिलाड़ी चांग हये जिन (शीर्ष वरीयता) और मौजूदा व पूर्व ओलंपिक चैंपियन की बो बाए के सामने छुपे रुस्तम के तौर पर शुरुआत करेंगी। डोला बनर्जी एकमात्र भारतीय तीरंदाज हैं, जिन्होंने विश्व कप फाइनल जीता है। उन्होंने यह उपलब्धि दुबई में 2007 में हासिल की थी।


## पेत्र क्वितोवा और सुआरेज नवारो ने अंतिम 16 में जगह बनाई

न्यूयार्क,(आरएनएस)। महिलाओं में चेक गणराज्य की पेत्र क्वितोवा और स्पेन की कार्ला सुआरेज नवारो ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शुक्रवार को अंतिम-16 का टिकट कटा लिया। क्वितोवा ने फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को आसानी से 6-0, 6-4 से पराजित किया। सुआरेज ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में रूस की एकाटेरिना माकारोवा को 6-1, 3-6, 6-3 से और स्लोने स्टीफंस ने एशलेय बार्टी को 6-2, 6-4 से पराजित कर प्रीक्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

**स्वेतलाना भी हारीं**

इससे पहले गुरुवार को स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा शीर्ष दस में शुमार खिलाड़ियों में से बाहर होने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं। 2004 की चैंपियन आठवीं वरीय रूस की स्वेतलाना को 116 वें नंबर की जापान की कुरूमी नारा के हाथों 3-6, 6-3, 3-6 से हार मिली। अब अगले दौर में नारा की भिड़ंत लुसी साफारोवा से होगी। इससे पहले सिमोना हालेप, वोज्नियाकी, गत चैंपियन एंजेलिक कर्बर और जोहाना कोंटा भी बाहर हो चुकी हैं।

## नशे में गाड़ी चलाने पर गिरफ्तार हुआ फुटबॉलर



लंदन,(आरएनएस)। इंग्लैंड फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वेन रूनी को नशे की हालत में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई और उन्हें रिहा कर दिया गया। ब्रिटेन की पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि तड़के दो बजे (स्थानीय समयानुसार) के बाद पुलिस ने काले रंग की बीटल कार को रुकवाया तो उसकी चालक सीट पर रूनी बैठे हुए थे। उन्हें निर्धारित सीमा से ज्यादा नशे में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन 18 सितंबर को उन्हें इस मामले में अदालत में पेश होना होगा। इससे पहले गुरुवार रात क्रिकेटर जैक मैक्लेवर ने रूनी के साथ बार में ली गई सेल्फी को इंस्टाग्राम पर साझा किया था। यह बार रूनी के चेशर स्थित घर के निकट है जहां उनकी गाड़ी को पुलिस ने रोका था। हाल ही में 31 साल के रूनी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने इंग्लैड की ओर से 119 मैच में रिकॉर्ड 53 गोल किये हैं। रूनी हाल ही में मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़कर एवर्टन का हिस्सा बने थे।

## यूएस ओपन के दूसरे दौर में हारे बोपन्ना







न्यूयार्क,(आरएनएस)। रोहन बोपन्ना को शुक्रवार को साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन के पुरुष डबल्स के दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा। हालांकि दिग्गज लिएंडर पेस और सानिया मिर्जा ने अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पहली बाधा पार कर ली। बोपन्ना और उरुग्वे के पाब्लो कुवास की जोड़ी को इटली के सिमोन बोलेली और फैबियो फोगनिनी के हाथों 7-5, 4-6, 4-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बोपन्ना-पाब्लो ने पहले दौर में अमेरिका के ब्राडले क्लान और स्कॉट लिपस्की की जोड़ी को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया था। पेस और पूरव राजा की जोड़ी ने पहले दौर में सर्बिया के विक्टर ट्रोइकी और जानोको टिप्सरेविक की जोड़ी को 6-1, 6-3 से पराजित किया। महिला डबल्स में सानिया और चीन की शुआई पेंग ने क्रोएशिया की पेत्रा मार्टिक और डोना वेकिक को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। अब उनकी भिड़ंत स्लोवाकिया की याना सेपेलोवा और मेगडालेना से होगी।

## बंगाल वारियर्स ने पटना पाइरेट्स को दी पटखनी

प्रो कबड्डी लीग:

कोलकाता,(आरएनएस)। मनिंदर सिंह के शानदार प्रदर्शन के दम पर बंगाल वारियर्स ने शुक्रवार को प्रो कबड्डी लीग-5 में गत चैंपियन पटना पाइरेट्स को 41-38 से पराजित कर 'जोन बी' की अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुए मैच में शुरू से मैच पर दबदबा बनाए रखने वाली मेहमान टीम को बंगाल ने आखिरी पांच मिनट में पटखनी दे डाली। 'रेडर ऑफ द मैच' घोषित किए गए मनिंदर सिंह ने कुल 19 रेड में 13 अंक दिलाए। दूसरी ओर पटना के कप्तान प्रदीप नरवाल का मौजूदा सत्र का पांचवां एवं करियर का 15वां 'सुपर 10' बेकार चला गया। इस जीत के साथ बंगाल के अब नौ मैचों में पांच जीत व दो हार के साथ 32 अंक हो गए हैं। मेजबान टीम के दो मैच टाई रहे थे। पटना आठ मैचों से 28 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

## एजुकेशन लोन डिफॉल्ट स्टूडेंट के क्रेडिट स्कोर को खराब कर सकता है: सिबिल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सब्सिडी या कम ब्याज पर दिए गए एजुकेशन लोन में बढ़ रहे डिफॉल्ट के मामलों को संज्ञान में लेते हुए क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी सिबिल ने गुरुवार को कहा कि इस तरह की डिफॉल्ट हिस्ट्री स्टूडेंट के क्रेडिट स्कोर पर विपरीत असर डाल सकती है जो कि उनकी ओर से भविष्य में लिए जाने वाले किसी अन्य लोन में मुसीबतें पैदा करेगा। सिबिल ने बताया कि एजुकेशन लोन पर इस तरह के डिफॉल्ट मामले करीब 5 फीसद हैं, जिनमें 90 दिनों से ज्यादा का ड्यूज है। कम ब्याज दरों पर 4 लाख से कम राशि के लोन के डिफॉल्ट के मामलें (8.1 फीसद) लंबी राशि के लोन के मुकाबले ज्यादा हैं। अन्य श्रेणियों के लिए तुलनात्मक डिफॉल्ट दरें हैं, 4 से 5 लाख के लिए 4.8 फीसद और 5 से 15 लाख के लिए 2.1 फीसद। वहीं 15 लाख के ऊपर की राशि के बड़े लोन पर डिफॉल्ट के मामले करीब 1 फीसद हैं। क्या होता है क्रेडिट स्कोर: आपका क्रेडिट स्कोर दरअसल आपकी ओर से पूर्व में लिए गए लोन और उसके चुकाने का ब्यौरा भर होता है। बैंक आपके लोन की अर्जी को आपका क्रेडिट स्कोर चेक करने के बाद ही मंजूर करता है। अगर, अपका क्रेडिट स्कोर बेहतर है तो बैंक आपको आसानी से लोन मुहैया करा देते हैं। क्या होता है क्रेडिट स्कोर और इसे कौन देता है: क्रेडिट स्कोर तीन अंको की एक संख्या होती है, जो 300 से 900 के बीच होती है। क्रेडिट स्कोर जितना अधिक होता है, उसे उतना ही बेहतर माना जाता है। एक डिफॉल्ट करने पर भी क्रेडिट स्कोर कमजोर हो सकता है। 79 फीसदी व्यक्तिगत लोन 750 से ज्यादा के स्कोर पर ही अप्रूव किए जाते हैं।

## Business News / बिजनेस न्यूज

## सोने में आया 150 रुपए का उछाल



नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई है। शुक्रवार को सोना 150 रुपये चढ़कर 30200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। कीमतों में यह उछाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 महीने के उच्चतम स्तर को छूने और स्थानीय ज्वेलर्स की ओर से बढ़ी मांग के चलते देखने को मिला है। चांदी की कीमतों में भी तेजी देखने को मिली है। चांदी 700 रुपये चढ़कर 41200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। कीमतों में यह बढ़त इंडस्ट्रीयल यूनिट्स और सिक्का निर्माताओं की ओर से तेज उठान के कारण देखने को मिली है। व्यापारियों का मानना है सोने की कीमतों में सुधार सकारात्मक अंतरराष्ट्रीय संकेत हैं। नॉर्थ कोरिया टेंशन के चलते सोने ने 10 महीने का उच्चतम स्तर छुआ है। इसके घरेलू हाजिर बाजार में स्थानीय ज्वेलर्स की ओर से मांग में तेजी देखने को मिली है। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में बीते सत्र में गोल्ड 0.97 फीसद की बढ़त के साथ 1320 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.86 फीसद की बढ़त के साथ 17.54 डॉलर प्रति औंस हो गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 99.9 फीसद और 99.5 फीसद शुद्धता वाले सोने की कीमत 150 रुपये बढ़कर क्रमशः 30200 रुपये और 30,050 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। जानकारी के लिए बता दें कि बीते दो दिनों में सोने में 400 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि गिन्नी के भाव 24600 प्रति आठ ग्राम पर स्थिर हैं। सोने की तरह चांदी तैयार 700 रुपये बढ़कर 41200 रुपये प्रति किलो और साप्ताहिक आधारित डिलिवरी 565 रुपये बढ़कर 39780 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, दूसरी ओर चांदी के भाव 74000 रुपये लिवाल और 75000 रुपये प्रति सैंकड़ा पर बरकरार हैं।

## अर्थव्यवस्था 7 से 7.5 फीसद की दर से बढ़ेगी: नीति आयोग



नई दिल्ली,(आरएनएस)। वित्त वर्ष 2017-18 की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर तक) देश की आर्थिक ग्रोथ के बढ़कर 7 से 7.5 फीसद होने की उम्मीद है। आर्थिक ग्रोथ में रफ्तार बेहतर मॉनसून और जीएसटी को लेकर लोगों के बीच समझ से देखने को मिल सकती है। शुक्रवार को यह बात नीति आयोग के वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने कही है। पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 5.7 फीसद पर फिसलकर तीन वर्ष के निम्नतम स्तर पर आ गई है। जीडीपी में गिरावट की मुख्य वजह कमजोर विनिर्माण क्षेत्र रहा है। राजीव कुमार ने कहा, मुझे भरोसा है कि जुलाई से सितंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था 7 से 7.5 फीसद की दर से बढ़ेगी। जीएसटी लागू होने के बाद लोग जो पुराना स्टॉक खत्म कर रहे थे वह प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। अब कर व्यवस्था को लेकर लोगों के बीच ज्यादा स्पष्टता है। साथ ही मॉनसून की स्थिति भी अच्छी है। आने वाले समय में कई और आईपीओ लॉन्च होने जा रहे हैं। एफडीआई और एफआईआई भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश में नोटबंदी का असर पहली तिमाही में देखने को मिला था क्योंकि उस समय लोगों को नकदी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि पहली तिमाही में ग्रोथ में गिरावट की एक वजह यह भी रही कि लोग एक जुलाई से जीएसटी लागू होने के कारण पुराना स्टॉक खत्म कर रहे थे।

## जन्मदिन के मौके पर ईशांत शर्मा को सहवाग की स्पेशल बधाई

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का आज 29वां जन्मदिन है। ईशांत गेंदबाजी के साथ-साथ मैदान पर अपने रोचक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान ईशांत ने मेहमान टीम के कप्तान स्टीवन स्मिथ को चिढ़ाने के लिए जो चेहरा बनाया था वह इतना मशहूर हो गया था कि इसे ईशांत-फेस चैलेंज तक कहा जाने लगा। उनके जन्मदिन के मौके पर उनके पुराने साथी वीरेंद्र सहवाग ने इसी अंदाज में उन्हें बधाई दी। सहवाग ने लिखा, हैप्पी बर्थडे ईशांत, बुर्ज खलीफा जी, मैंने आपके ट्रेनर को ढूंढ लिया। सभी का मनोरंजन करते रहे, खुश रहें। सहवाग के अलावा सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, मोहम्मद शमी और अन्य कई खिलाड़ियों ने ईशांत को मुबारकबाद दी। रोहित ने लिखा, जन्मदिन की बधाई हो, दुआ है कि आपके विकेटों की सूची आपके बालों की तरह बढ़ती रहे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर और मौजूदा कॉमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने ईशांत को बधाई देते हुए लिखा, अक्सर ही ऐसा नहीं होता कि आप किसी 18 साल के लड़के को देखें और कह दें कि ये एक दिन भारत के लिए खेलेगा। ईशांत ने कुल 77 टेस्ट मैचों में 218 विकेट लिए थे।